RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 129 • 22:05:2024 • बुधवार • मूल्य : 5/-

## केदारनाथ में बम-बम, अब गर्भगृह में होंगे सबको दर्शन


भक्तिपथ

### मिली सुविधा तो चारधाम यात्रा में खुशी से झूम उठे भक्तजन

**देहरादून (एजेंसी)।** केदारनाथ में मंगलवार से सभी तीर्थयात्रियों को गर्भगृह में जाकर बाबा केदार के दर्शन करने का मौका मिलेगा। केदारनाथ में प्रशासन व बीकेटीसी के अफसरों की तीर्थपुरोहितों के साथ हुई वार्ता के बाद यह निर्णय लिया गया। अभी तक यात्रियों की अप्रत्याशित भीड़ को देखते हुए गर्भगृह के बजाए सभा मंडप से ही दर्शन कराए जा रहे थे। उधर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को चारधाम यात्रा को लेकर सचिवालय में बैठक की। इसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। केदारनाथ में तीर्थपुरोहितों ने सोमवार को जहां वीआईपी दर्शन का विरोध किया वहीं,सभी यात्रियों को समान रूप से गर्भगृह में दर्शन की मंजूरी देने की मांग की गई। इस पर केदारनाथ यात्रा मजिस्ट्रेट अंशुल सिंह और



बीकेटीसी के कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने डीएम से वार्ता के बाद सभी श्रद्धालुओं को गर्भ गृह में जाकर दर्शन कराए जाने का निर्णय लिया। इस बार केदारनाथ में बड़ी संख्या में तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। यहां रोज 30 हजार से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। इसके चलते बीकेटीसी व प्रशासन ने गर्भ गृह के बजाए सभामंडप से दर्शन कराने की व्यवस्था लागू की थी। आरसी तिवारी ने बताया कि मंगलवार से सभी यात्रियों को समान मानते हुए गर्भ गृह में जाकर दर्शन कराए जाएंगे। आपको बता दें कि चारो धाामें में से केदारनाथ धाम में सबसे ज्यादा भक्तजन दर्शन करने को पहुंच रहे हैं। चारधाम यात्रा के ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन पर रोक 31 मई तक बढ़ा दी गई है। सोमवार को सचिवालय में यात्रा की समीक्षा




करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके निर्देश दिए। अभी तक यह बंदिश 19 मई तक के लिए थी। हालांकि रजिस्ट्रेशन की ऑनलाइन व्यवस्था जारी रहेगी। सीएम ने बैठक में अफसरों से चारधाम यात्रा में व्यवस्थाओं की जानकारी ली। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड आने वाला हर यात्री प्रदेश का अतिथि है। उसकी सुविधा और सहूलियत सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को भी अनुशासन की विशेष नसीहत की। उन्होंने कहा कि यात्रा पर आने वाले यात्रियों के साथ सम्मान के साथ व्यवहार किया जाए। यात्रियों से अमर्यादित व्यवहार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। ऐसे मामलों को गंभीरता से लिया जाएगा। यात्रियों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिए सीएम ने टूर ऑपरेटरों के लिए एडवाइजरी जारी करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे यात्री भी आ रहे हैं, जिनका रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है।

## न वोट डाला, न प्रचार किया..अब पार्टी ने भेजा नोटिस

- हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा से बीजेपी ने 2 दिन में मांगा जवाब

**रांची (एजेंसी)।** हजारीबाग से बीजेपी सांसद जयंत सिन्हा को पार्टी ने शो-कॉज नोटिस दिया है। उन्हें दो दिनों के अंदर स्पष्टीकरण देने को कहा है। चुनाव प्रचार से खुद को दूर रखने और वोट नहीं देने को लेकर पार्टी ने उन्हें तलब किया है। वहीं प्रदेश भाजपा ने



धनबाद विधायक राज सिन्हा और उनके विधानसभा क्षेत्र के पांच मंडल अध्यक्षों को भी नोटिस जारी किया गया है। प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू के साइन से लेटर जारी किया गया है। इस बार के चुनाव में बीजेपी ने हजारीबाग से मनीष जायसवाल को टिकट दिया था। कल इस सीट के लिए वोटिंग हुई। जयंत सिन्हा ने पार्टी की पहली लिस्ट आने से पहले ही चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा जताई थी। प्रदेश भाजपा की ओर से जारी पत्र में कई आरोप लगाए गए हैं।

## ममता पर अभद्र टिप्पणी करने वाले पूर्व जज पर ऐक्शन

- ईसी ने 24 घंटे के लिए कैंपेन पर रोक लगाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इलेक्शन कमीशन ने मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व जज और तामलुक से भाजपा कैंडीडेट अभिजीत गंगोपाध्याय पर 24 घंटे के लिए प्रचार से बैन लगाया है। ईसी ने यह ऐक्शन गंगोपाध्याय के पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर दिए अभद्र बयान के बाद लिया है। गंगोपाध्याय ने 15 मई को बंगाल के हल्दिया



में कहा था- 'मैं सोच रहा हूं कि ममता कितने रुपए में बिक रही हैं। 10 लाख रुपए। मुझे हैरानी होती है वे महिला हैं भी या नहीं।' ईसी ने गंगोपाध्याय की टिप्पणी को बेहद निचले स्तर का पर्सनल अटैक बताया, जिससे आचार संहिता का उल्लंघन हुआ है। ईसी का यह आदेश मंगलवार शाम 5 बजे से लागू होगा।

## मुंबई में फ्लाइट से टकराकर 36 फ्लेमिंगो की हो गई मौत

- एमिरेट्स की उड़ान घाटकोपर से जब गुजरी तब हुई घटना

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के घाटकोपर इलाके में 36 फ्लेमिंगो (राजहंस) मरे हुए पाए गए। फोरेस्ट टीम को इसकी जानकारी दी गई, जब उन्होंने पता लगाया कि पक्षियों की मौत का कारण क्या रहा तो सामने आया कि प्लेन से टकराने से इनकी मौत हुई है। दरअसल, एमिरेट्स की फ्लाइट से एई 508 सोमवार



(20 मई) की रात को दुबई से उड़कर मुंबई आ रही थी। जब फ्लाइट घाटकोपर में पंतनगर के लक्ष्मी नगर इलाके के ऊपर से गुजर रही थी तब इन फ्लेमिंगों का झुंड फ्लाइट से टकराया और 36 पक्षियों की मौत हो गई। मुंबई एयरपोर्ट के अधिकारी ने बताया कि फ्लाइट रात 9.18 पर लैंड हुई। तब पक्षियों के टकराने की बात पता चली। इस घटना में फ्लाइट को भी नुकसान हुआ, लेकिन गमीमत रही कि वह सकुशल लैंड हो गई।

### महाराजगंज में पीएम बोले-

## भ्रष्टाचार का पता है इंडी गठबंधन



**पटना/मोतिहारी/सीवान (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मोतिहारी और महाराजगंज में सभा की। महाराजगंज में

- इनकी 3 बातें एक जैसी-कम्युनल,जातिवादी, परिवारवाद

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार का पता है इंडी गठबंधन। इनके नेताओं में 3 बातें एक जैसी है। कम्युनल, जातिवादी और परिवारवाद। इंडी गठबंधन में 20 लाख करोड़ के घोटालेबाज एक साथ हैं। पीएम की सभा में कुछ लोग पोल पर चढ़े दिखे। प्रधानमंत्री ने सुरक्षाकर्मियों को बोलकर सभी को नीचे उतरवाया। उन्होंने इसके बाद नीचे उतरने वाले लोगों से माफी मांगी। पीएम ने कहा कि आपके सम्मान को ठेस पहुंची हो तो माफी मांगता हूं। आप सभी मेरा परिवार हो। प्रधानमंत्री कहा, मैं आपको गारंटी देता हूं, मैं आपके लिए दिन-रात मेहनत करूंगा।

## भारत को खतरे में डालकर चीन से रिश्ते नहीं बनाएंगे

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका ने कहा है कि भारत की सुरक्षा उनके लिए बेहद जरूरी है। न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने कहा कि उनका देश भारत की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। एक जिम्मेदार पड़ोसी के तौर पर वह किसी को भी भारत को नुकसान पहुंचाने नहीं देंगे। श्रीलंका के पोर्ट पर रुकने वाले चीन के रिसर्च जहाजों से जुड़े सवाल पर साबरी ने कहा- हम सभी देशों के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए हम किसी दूसरे देश की सुरक्षा को ताक पर नहीं रखेंगे। अगर भारत इस मामले में अपनी सुरक्षा को लेकर सवाल उठाएगा, तो हम उस पर जरूर ध्यान देंगे। हम किसी को भी उन्हें चोट नहीं पहुंचाने देंगे। साबरी ने कहा कि हाल ही में चीन भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर बनकर सामने आया है। इसी तरह श्रीलंका भी भारत के साथ मिलकर काम करना चाहता है, लेकिन हम तीसरे पक्ष को कभी भी खतरे में नहीं डालेंगे। भारत ने पिछले साल श्रीलंकाई द्वीप पर चीनी जहाज के रुकने को लेकर चिंता जताई थी। तब भारत ने कहा था कि चीन अपने रिसर्च वैसल्स के जरिए भारत की जासूसी करने की कोशिश कर रहा है।

## इस बार चालीस की चालीस सीट हम जीतेंगे- सम्राट चौधरी

चाणक्य भूमि बेतिया

उपमुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा है लोक सभा चुनाव में भाजपा को जनता का भरपूर प्यार मिल रहा है। पांच चरण का चुनाव बीतने के बाद साफ हो गया है की इस बार बिहार की सभी 40 सीट एनडीए जीत रही है। विगत लोक सभा चुनाव में बिहार में 40 में से 39 सीट एनडीए जीती थी। एक सीट नहीं मिलने की कसक रह गई थी। लेकिन इस इस बार यह कसक दूर हो जाएगी। वे मंगलवार को मछलीलोक के समीप एक निजी विद्यालय में मीडिया कर्मियों को संबोधित कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के बजट में से 95 प्रतिशत राशि विकास के काम में खर्च किया जा चुका है। बिहार और



चंपारण के विकास व समृद्धि के लिए काम हो रहा है। सिलीगुड़ी-गोरखपुर एक्सप्रेसवे, बेतिया-पटना फोरलेन सड़क समेत अन्य सड़कें और विकासात्मक कार्य पूरा होते ही चंपारण समृद्धि के पथ पर तेजी से अग्रसर होगा। उन्होंने लोगों से पश्चिम चंपारण लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी डॉ. संजय जायसवाल, वाल्मीकि नगर के प्रत्याशी सुनील कुमार, मोतिहारी के प्रत्याशी राधा मोहन सिंह व शिवहर के प्रत्याशी लवली आनंद को भारी मार्जिन से जिताने की अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार बनाईए। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव, आनंद सिंह, संजय पांडेय, धनरंजन कुशवाहा, बृजेश कुशवाहा, रवि सिंह,पंकज कुमार उर्फ लोहा पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## जनता में 'इंडिया' की शांत लहर, बीजेपी को नहीं मिलेगा बहुमत

### मल्लिकार्जुन खरगे का बड़ा दावा, हरियाणा में चुनावी सभा में बीजेपी को घेरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी और 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) गठबंधन के प्रति लोगों की प्रतिक्रिया में काफी बदलाव आया है और गठबंधन के पक्ष में 'शांत लहर' (अंडरकरंट) चल रही है जो लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत हासिल करने से रोकने में सफल रहेगी। खरगे ने कहा कि लोग अब उनके समर्थन में और उस भारतीय जनता पार्ट और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा के खिलाफ लड़ रहे हैं जो समाज में 'नफरत और विभाजन' फैलाते हैं। कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि लोगों को लगता है कि यह लड़ाई अब लोकतंत्र और संविधान को बचाने की है और वे उनकी पार्टी को समर्थन दे रहे हैं। खरगे ने भाजपा पर राम मंदिर, हिंदू-मुस्लिम और भारत-पाकिस्तान के नाम पर लोगों को बार-बार भड़काने और उन्हें भावनात्मक रूप से लूटने का भी आरोप लगाया और दावा किया कि लोग अब उनका असली रंग समझ गए हैं। खरगे ने कहा, 'देश भर में यात्रा करने के बाद हम यह महसूस कर रहे हैं कि हमारे पक्ष में एक 'शांत लहर' चल रही है। कांग्रेस पार्टी और 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगियों को इस बार अधिक सीट मिलेंगी। हम भाजपा को सत्ता में आने के लिए आवश्यक सीट हासिल करने से रोकने में सफल रहेंगे। मुझे लगता है कि भाजपा अपनी सरकार नहीं बना पाएगी।' उन्होंने कहा, 'केवल हम ही नहीं, बल्कि जनता भी हमारे लिए लड़ रही है। हम जिस विचारधारा को मानते हैं लोग उसका समर्थन कर रहे हैं और हमारे लिए लड़



रहे हैं। यह साफ है कि भाजपा पिछड़ जाएगी और हम आगे बढ़ेंगे।' बता दें कि लोकसभा चुनाव के लिए पांच चरणों के मतदान खत्म हो चुके हैं। अब 25 मई और 1 जून को दो चरणों में मतदान होने हैं। इसके बाद 4 जून को वोटों की गिनती की जाएगी। खरगे ने कहा, हमने राजस्थान में अच्छा प्रदर्शन किया। इस बार हम जीरो नहीं लाएंगे। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी हम अच्छा करेंगे। पिछली बार महाराष्ट्र में हम सिर्फ एक ही सीट जीत सके थे, लेकिन इस बार महाविकास अघाड़ी का प्रदर्शन अच्छा है। हमें लगता है कि कम से कम 30 सीटें जीत जाएंगे। भाजपा के नंबर घट रहे हैं। उन्होंने पीक पा लिया है। अब उससे आगे तो नहीं जा सकते। लेकिन हमने जहां तक खो दिया था, उससे आगे बढ़ रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि आखिर इंडिया अलायंस कितनी सीटें पा जाएगा, खरगे ने कोई आंकड़ा नहीं बताया। यह जरूर कहा कि हम भाजपा को सरकार बनाने से रोक देंगे। नीतिश कुमार के चुनाव से पहले ही पाला बदलने पर भी खरगे ने बात की। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग किसी न किसी समय ऐसा करते ही हैं। खरगे ने कहा कि नीतिश कुमार ने ही लोगों को अपने घर बुलाया था और विपक्षी गठबंधन पर बात की थी। इसके बाद फिर अपनी सुविधा के हिसाब से बदल गए। हमें कोई चिंता नहीं है।

## मैनाटांड़ में तेजस्वी यादव ने चुनावी सभा को किया संबोधित

चाणक्य भूमि मैनाटांड़ (अब्दुल बासित)

**मैनाटांड़।** रमपुरवा हाई स्कूल के खेल मैदान के प्रागंण में मंगलवार को पश्चिमी चंपारण के वाल्मीकि नगर लोक सभा क्षेत्र के राजद प्रत्याशी दीपक यादव को जीताने के लिए मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी ने चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर चुटकी ली। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार का तन उधर है, मन इधर है। चुनाव बाद फिर क्या होगा, इस पर अभी कुछ नहीं कहा जाएगा। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद मोदी पर भी जमकर जुबानी हमला किया। तेजस्वी यादव ने बदल रहे मौसम पर भी उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि अब तो मौसम भी बदल रहा




है, सरकार बदलना तो जरूरी है। वहीं, उन्होंने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी दीपक यादव को जिताने की अपील करते हुए कहा कि अगर केंद्र में हमारी सरकार बनी तो एक करोड़ नौकरी देंगे, गैंस सिलेंडर का दाम पांच सौ करेंगे, दो सौ यूनिट बिजली निशुल्क देंगे। वहीं, चुनावी सभा को संबोधित करते हुए। तेजस्वी यादव ने कहा कि यह चुनाव, एनडीए और इंडिया गठबंधन का नहीं है। यह चुनाव देश में संविधान बचाने का है। देश की केंद्र सरकार कई राज्यों में आपके द्वारा चुनी गई सरकार को गिराने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार देश की एयरलाइन, बीएसएनल आदि को निजी हाथों में देने का काम कर रही है। ताकि इस सब में आरक्षण के तहत काम करने वाले युवाओं को नौकरी से हटाया जा सके। उन्होंने कहा कि देश की मोदी सरकार आज बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के लिखे हुए संविधान को बदलने की कोशिश कर रही है। समय आ गया है कि मोदी सरकार को उखाड़ फेंकना है। मुकेश सहनी, राजद एम एल सी सौरभ कुमार सिकटा विधायक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, रफीउल आज़म, मैनाटांड़ प्रखंड अध्यक्ष दिनेश यादव एवं राजेश प्रसाद पटेल, अन्य राजद नेता शामिल थे। जिसमें सुरक्षा को लेकर पुलिस बल और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## चुनाव बाद छपरा में बवाल दो दिन के लिए इंटरनेट बंद

- बीजेपी-आरजेडी समर्थक में फायरिंग, एक की मौत

### रोहिणी बोलीं-बीजेपी वाले लोकतंत्र की हत्या कर रहे

**छपरा (एजेंसी)।** छपरा में आरजेडी और बीजेपी समर्थकों में फायरिंग हुई, इसमें एक युवक की मौत हो गई है। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। सभी आरजेडी के समर्थक बताए जा रहे हैं। हत्या के बाद से इलाके में तनाव है। लोग दोषियों की गिरफ्तारी को लेकर हंगामा कर रहे हैं। एसपी गौरव मंगला ने खुद मार्चा संभाल रखा है। लोगों को समझाने की कोशिश की जा रही है। पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। तनाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने दो दिनों के लिए छपरा में इंटरनेट बंद कर दिया है। मामले को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि चुनाव में हिंसा की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। कुछ लोग हैं जो हार के डर से ये सब कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन अपना काम कर रहा है। वहीं रोहिणी आचार्य ने कहा कि भाजपा के लोग डरे हुए हैं। लोकतंत्र की हत्या की जा रही है... भाजपा वाले गुंडों पर एफआईआर होनी चाहिए। बता दें कि आज सुबह मुफस्सिल थाना के तेलपा भिखारी चौक के पास फायरिंग हुई। इसमें मारे गए युवक की पहचान चंदन राय के रूप में हुई है। जबकि घायलों की पहचान गुड्डू राय, मनोज राय के रूप में हुई है। घायलों का इलाज पटना के पीएमसीएच में हो रहा है।



## संक्षिप्त समाचार

### वैशाली एक्सप्रेस से शराब के साथ पैंट्रीकार कर्मी गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर।** नई दिल्ली से आने वाली वैशाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस के पेंट्रीकार कर्मी को आरपीएफ ने छह बोतल विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। दोपहर तीन बजे जंक्शन पर पहुंची वैशाली सुपरफास्ट की जांच जमादार रामबदन यादव, आरक्षी रीतेश कुमार व लालबाबू खान ने किया। इस दौरान ट्रेन में कार्य कर रहे पेंट्रीकार स्टाफ अंकित कुमार को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वह हथौड़ी थाना के सहिला रामपुर का निवासी है। आरपीएफ इंस्पेक्टर मनीष कुमार ने उससे पूछताछ की। इसके बाद उसे रेल पुलिस को सौंप दिया गया।

### सहदेई में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ लोकसभा चुनाव

**सहदेई बुजुर्ग।** हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र के सहदेई बुजुर्ग प्रखंड में प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था में लोकसभा चुनाव 2024 शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। लोकसभा चुनाव को लेकर सभी मतदान केंद्रों पर प्रशासन की चौकसी देखी गई। सहदेई बुजुर्ग के कुल 94 मतदान केंद्रों पर वृद्ध मतदाता एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए प्रशासन की टीम एवं स्काउट गाइड के बच्चे सक्रिय थे। वहीं सहदेई बुजुर्ग प्रखंड में कुल 94 मतदान केदो पर पर कड़ी धूप से बचाव को लेकर टेंट एवं पेयजल की व्यवस्था स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई थी। दिव्यांग मतदाताओं के लिये सभी मतदान केंद्रों पर व्हीलचेयर की भी व्यवस्था स्थानीय प्रशासन के द्वारा की गई थी।

### पटना में 207 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, मौके से एक तस्कर गिरफ्तार, चेन पुलिंग कर ट्रेन से उतार रहा था शराब

**पटना।** पटना के नदी थाना क्षेत्र में पुलिस ने 207 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की है। तस्कर की पहचान गोविंदपुर निवासी डबलू कुमार के तौर पर हुई है। मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि गढ़ोचक के सामने कुल लोग चेन पुलिंग कर ट्रेन से शराब उतारा जा रहा है। जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि अन्य भागने में कामयाब रहा। शराब ट्रॉली बैग में छुपाकर रख गई थी। छह ट्रॉली बैग से कुल 207 लीटर शराब बरामद हुआ है। इस संबंध में नदी थाना प्रभारी राजू कुमार ने बताया कि जेठुली क्षेत्र में टीम गश्त पर थी। इस बीच सूचना मिली कि गढ़ोचक के पास ट्रेन से शराब उतारा जा रहा है। सूचना के आधार पर तस्कर को शराब समेत गिरफ्तार कर लिया गया है। प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



### पटना में चुनाव प्रचार वाहन को पुलिस ने किया जब्त

**पटना।** पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र के तारामंडल के पास से पुलिस ने एक प्रचार वाहन को जब्त किया है। गाड़ी(BR 01PP 9255 ) पर बीजेपी का पोस्टर लगा हुआ है। इसके लिए परमिशन नहीं लिया गया था। बिना परमिशन के ही गाड़ी पर पोस्टर लगाया गया था। पुलिस ने आदर्श आचार संहिता का मामला दर्ज कर लिया गया है। इस बात की पुष्टि कोतवाली थानाध्यक्ष राजन कुमार ने की है। गाड़ी चालक पाटलिपुत्र लोकसभा अंतर्गत बिक्रम का रहने वाला है। चालक ने खुद को बीजेपी का समर्थक बताया है। केस का आईओ अरविंद कुमार निराला को बनाया गया है। हालांकि पुलिस के मुताबिक गाड़ी से अन्य सामान बरामद नहीं हुआ है। छानबीन की जा रही है।



### दानापुर में रंगदारी नहीं देने पर प्रॉपर्टी डीलर का अपहरण, हथियार के बल पर घर से उठाया



**पटना।** दानापुर में पांच लाख रंगदारी नहीं देने पर हथियार के बल पर अपराधियों ने प्रॉपर्टी डीलर को उसके घर से अगवा कर लिया। मारपीट के बाद कारोबारी को मनेर के सराय में छोड़कर अपराधी फरार हो गए। जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना शाहपुर थाना क्षेत्र के भगवतीपुर की है। पीड़ित के भाई नीरज कुमार ने मिथलेश सिंह, शिवम उर्फ शिवम सरकार समेत दस नामजद के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। नीरज ने बताया कि मेरे छोटा भाई सूरज कुमार प्रॉपर्टी डीलर का काम करता है। सोमवार को शाम के समय घर के बाहर बैठे थे। इस बीच दो स्कॉर्पियो से भगवतीपुर के मिथलेश सिंह, शिवम उर्फ शिवम सरकार, धीरज कुमार, अजेश कुमार, हरिओम कुमार, प्रकाश कुमार उर्फ राजा, मुकेश कुमार और उसरी खुर्द के रवि कुमार उर्फ रवि सरकार, सरारी के आलोक नबाव, बाबूचक फुलवारी शरीफ निवासी यूजे सरकार उर्फ उल्टा मेरे घर पर पहुंचे। मारपीट करते हुए भाई को जबरन गाड़ी में बिठा लिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। बदमाशों ने सूरज को मारपीट कर अधमरा कर दिया। पुलिस दबिश के कारण उसे सराय में छोड़कर सभी फरार हो गए। वहीं, पीड़ित सूरज ने बताया की मिथलेश सिंह ने मुझसे 5 लाख की रंगदारी मांगी थी। नहीं देने पर जान से मारने की नीयत से मुझे घर से उठा लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। सूरज को जख्मी हालत में मिला था। अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### चुनाव ड्यूटी में लगी वाहन ने बाइक में टक्कर, 2 बच्चों समेत तीन लोग घायल

**हाजीपुर।** हाजीपुर संसदीय क्षेत्र में चुनाव ड्यूटी में लगी वाहन ने बाइक सवार युवक और दो बच्चों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने गाड़ी को घेर लिया और पथराव शुरू कर दिया। जिसमें कई पुलिसकर्मी को चोटें आई हैं। जानकारी मिलते ही कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। महुआ एसडीपीओ सौरभ सुमन भी घटनास्थल पर पहुंचे। आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। घटना राजापाकर थाना क्षेत्र के फरीदपुर गांव की है। हालांकि पुलिस का कहना है कि किसी दूसरे वाहन ने टक्कर मारी है। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए हाजीपुर रेफर कर दिया गया है। घायलों की पहचान आदित्या कुमार(7), बिपुल कुमार(30) और अंकित(14) के तौर पर हुई है। सभी महुआ थाना क्षेत्र के ताजपुर बुजुर्ग के रहने वाले हैं।



# रोहिणी बोलीं-भाजपा वाले गुंडों ने सब किया, मुझे गालियां दीं

## छपरा गोलीकांड पर बीजेपी का जवाब, तारकिशोर ने कहा-पूरी घटना की स्क्रिप्ट राजद ने लिखी

**एजेंसी, पटना।**

छपरा में आरजेडी और बीजेपी समर्थकों के बीच हुई फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल है। इस मामले में अब सियासी बयानबाजी शुरू हो गई है। लालू यादव की बेटी और सारण से राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य ने कहा है कि भाजपा के लोग डरे हुए हैं। लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। उन्होंने कहा कि सोमवार तो जब मैं बूथ पर गई थी तो मुझे भद्दी-भद्दी गालियां दी गईं। मुझ पर हमला किया गया। वहीं, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि चुनाव में हिंसा की जगह नहीं होनी चाहिए। जबकि, भाजपा के सीनियर लीडर और पूर्व डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि चुनाव को डिस्टर्ब करने की कोशिश की गई है। राजद वाले सोमवार से ही छपरा की घटना की भूमिका बना रहे थे। राजद और उसके सहयोगियों ने हंगामा मचाया।



**लालू की बेटी ने बीजेपी को घेराः** रोहिणी आचार्य ने कहा कि भाजपा वाले गुंडों पर FIR होनी चाहिए। प्रशासन से हमारी मांग है कि इन सभी गुंडों को पकड़कर जेल में डालें। एक उम्मीदवार के तौर पर हमें हर एक बूथ पर जाने का अधिकार है। उन्हें किसने ये अधिकार दिया। ये लोग गुंडागर्दी पर आ गए हैं।

**तेजस्वी बोले- हार की बौखलाहटः** तेजस्वी ने कहा कि छपरा बवाल पर प्रशासन के लोगों से हमारी बात हुई है। दो लोगों की गिरफ्तारी हुई है। प्रशासन के लोगों ने मुझे आश्वस्त किया है कि शाम तक जो बाकी के दो लोग हैं, उन्हें भी पकड़ लिया जाएगा। कुछ लोग ऐसे हैं जो हार की बौखलाहट से इस तरह के काम करते हैं। तेजस्वी ने कहा कि प्रशासन के लोगों को इस मामले के देखना चाहिए।

**चुनाव डिस्टर्ब करने की कोशिशः** पूर्व डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि राजद के लोग सोमवार से ही छपरा की घटना की भूमिका बना रहे थे। राजद और उसके सहयोगियों ने उत्पात मचाया। चुनाव को डिस्टर्ब करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह से कोई सत्ता में नहीं आ सकता। उन्होंने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके दौर पर जो हालत होते थे, उसे सोमवार को वापस लाने की कोशिश की गई।


**पीएमसीएच पहुंचीं रोहिणीः** छपरा फायरिंग मामले में एक घायल को पीएमसीएच रेफर किया गया है। रोहिणी आचार्य ने अस्पताल जाकर घायल से मुलाकात की।

## ट्रैक्टर की बैटरी ब्लास्ट, खलासी की आंख में पड़ा तेजाब

**एजेंसी, भागलपुर।**

भागलपुर में मंगलवार को ट्रैक्टर की बैटरी ब्लास्ट हो गई। हादसे में खलासी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आंख समेत शरीर के कई हिस्सों में चोट भी लगी है। खलासी के आंख में बैटरी का तेजाब चल गया है। मजदूरों ने उसे उठाया और अस्पताल में भर्ती कराया। घटना मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र के मिर्जनहाट चौक के समीप की है। बताया जा रहा है कि एक बालू डिपो में ट्रैक्टर पर गिट्टी लोड किया जा रहा था। इसी दौरान ड्राइवर ने खलासी को ट्रैक्टर की बैटरी चेक करने के लिए भेजा। जैसे ही बैटरी का ढक्कन खोला बैटरी ब्लास्ट हो गई। ड्राइवर के माने तो आवाज इतनी तेज थी कि 500 मीटर तक धमाके की आवाज सुनाई दी।

**घायल खलासी का चल रहा इलाजः** घायल खलासी संतोष कुमार दास ने बताया कि ड्राइवर ने बैटरी को चेक करने के लिए भेजा था। जैसे ही बैटरी के ढक्कन को खोला ब्लास्ट हो गया। तेजाब आंख में पड़ गया। हालांकि घटना के बाद आने मजदूरों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन की। स्थानीय लोगों की माने तो डिपो में आए दिन दो दर्जन से अधिक ट्रैक्टर से गिट्टी और बालू की सप्लाई की जाती है। जिससे न सिर्फ ट्रैफिक की समस्या होती है बल्कि हादसे होने का भी डर बना रहता है।




◆ ढक्कन खोलते ही हुआ जोरदार धमाका, 5 सौ मीटर दूर तक गई आवाज

## पटना में मठ की साध्वी की गई जान, मारपीट के दौरान चोट लगी थी

**एजेंसी, पटना।**

पटना के खुसरूपुर प्रखंड के फुलवरिया गांव में स्थापित राम जानकी मंदिर मठ की मुख्य साध्वी सीता सहचर (60) की मौत हो गई। विवाद के दौरान गिर जाने की वजह से जान चली गई। जबकि, इस मामले में जानबूझकर हत्या करने का मामला सामने आ रहा है। मठ के साधु सत्रोहन शरण शास्त्री ने आरोप लगाया है।

**क्या बोले जख्मी साधुः** उन्होंने बताया कि रात 10 बजे के बीच मंदिर मठ के बाहर निकला था। मंदिर से कुछ दूरी पर पहले से खड़े गांव के कुछ युवकों ने बदसलूकी के साथ मारपीट भी किया। सिर फट गया। लाठी से पिटाई के कारण शरीर के कई जगहों पर गंभीर चोटें आई है। घटना की सूचना मिलते ही साध्वी सीता भी दौड़ गई। इस बीच साध्वी पर भी आक्रमण किया गया। साध्वी की मौत जमीन पर गिरने से हो गई। इस बाबत फौरन खुसरूपुर थाना को सूचित किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बॉडी को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्ट मार्टम के लिए पटना भेज दिया है।



**गांव के ही हैं आरोपीः** इस घटना के प्रकरण में गांव के चार मनचलों का नाम सामने आ रहा है। अभी खुसरूपुर थाना में इस बाबत कोई लिखित आवेदन जमा नहीं किया गया है। साधु सत्रोहान शरण ने बताया है कि बॉडी के पोस्ट मार्टम हाउस से वापस आने के बाद थाना में मामले को दर्ज कराया जाएगा। रात्रि में घटना स्थल पर पुलिस को 112 की टीम पहुंची थी। साधु अपनी ओर से कहा है कि घटना में शामिल बदमाश लड़के एक ही परिवार से है। आए दिन बदसलूकी किया करता रहा था। बदमाशों ने मुझे निर्वस्त्र कर फोटो और वीडियो बनानी चाही है।

## निर्मला सीतारमण ने लालू-राबड़ी राज पर निशाना साधा

# पटना में बोलीं- जंगल राज की वजह से प्रति व्यक्ति आय 33 फीसदी गिरा था

**एजेंसी, पटना।**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पटना मंगलवार को पटना पहुंची। यहां बीजेपी दफ्तर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि बिहार में फर्स्ट टाइम वोटर को यहां के जंगल राज से हुए नुकसान को बताने की जरूरत है। लालू-राबड़ी के शासनकाल में जंगल राज के कारण बिहार में प्रति व्यक्ति आय 14,209 हो गया था। फिलहाल 37,000 प्रति व्यक्ति आय है।



**प्रति व्यक्ति आय 33 फीसदी गिराः** जंगल राज के नुकसान से बाहर लाने के लिए कितनी मेहनत करनी पड़ी है। यह बताना जरूरी है। सम्मान चाहिए, विकास नहीं। यह बोलने वालों के समय में सकल घरेलू उत्पाद ओडिशा से कम था। जंगलराज होने के बाद प्रति व्यक्ति आय 33 फीसदी गिरा था। जंगल राज मिटाने के बाद 5 फीसदी का ग्रोथ मेंटन करने के लिए परिश्रम करना पड़ा।

**आरक्षण को लेकर क्या बोलींः** वित्त मंत्री ने लालू प्रसाद के बयान का हवाला देते हुए कहा कि SC ST और OBC से आरक्षण छीन कर मुस्लिम समाज को देना चाहते हैं। यह पूरी तरह से गलत है। इधर, पीएम मोदी सबका साथ, सबका विकास लेकर चल रहे हैं। पूर्वी राज को हम विकास का इंजन बनाना चाहते हैं। बिहार, झारखंड, बंगाल इन सभी को एक्शन के द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है। कांग्रेस के लोग संविधान बचाने की बात करते हैं। मोदी जी ने सही सवाल कांग्रेस से पूछा है। क्या आप कांग्रेस के संविधान को मानते हैं।. कांग्रेस के लोग घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण की उद्योगपतियों के बीच भी बड़ी बैठक होगी। बिहार के विकास और आर्थिक समृद्धि पर चर्चा होगी।

## तेजस्वी-सहनी की चुनावी चर्चा पर शाहनवाज का जवाब, हेलीकॉप्टर में बातचीत का वीडियो शेयर किया

# बोले- इंडिया गठबंधन जीरो पर सिमट जाएगी

**एजेंसी, पटना।**

BJP के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन और जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा का हेलीकॉप्टर में बातचीत का वीडियो शेयर करते हुए तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी को उन्हीं के अंदाज में जवाब दिया है। चुनाव प्रचार के लिए जाने के दौरान शाहनवाज हुसैन और उमेश कुशवाहा हेलीकॉप्टर में आपस में बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं।

**40 सीटों पर जीत दर्ज होगीः** शाहनवाज हुसैन कह रहे हैं कि आज हम लोग शिवहर से चुनाव प्रचार करके लौट रहे हैं। मेरे साथ जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा हैं। शिवहर से एनडीए के उम्मीदवार लवली आनंद भारी मतों से जीत दर्ज करेंगी। आज जो वोटिंग हो रही है। इसमें हमारे पास जो सूचना आ रही है। इसमें सभी सीट एनडीए जीत रही है। बिहार के अंदर पूरा माहौल एनडीए का है। सभी 40 सीट हम लोग जीत रहे हैं।



**कुशवाहा ने क्या कहाः** उमेश कुशवाहा ने कहा कि आज हमने हाजीपुर लोकसभा से मतदान किया यह मेरा क्षेत्र है। वहां से शिवहर प्रचार करने के लिए पहुंचा हूं। पहले से लेकर पांचवें चरण में जो 24 लोकसभा क्षेत्र में मतदान हुए हैं। वहां एनडीए की बढ़त है। इंडिया गठबंधन जीरो पर है। छठे चरण के लिए जो हमने प्रचार प्रचार शुरू किया है। यहां भी एनडीए आगे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार की जोड़ी को लोग पसंद कर रहे हैं।

**तेजस्वी ने क्या कहा थाः** हेलीकॉप्टर में बातचीत के दौरान तेजस्वी यादव ने कहा था कि इंडिया गठबंधन को इस बार 300 से अधिक सीटें आएंगी। दरअसल, हेलीकॉप्टर में मछली पार्टी और ऑरेंज पार्टी के वीडियो के बाद बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने रविवार को एक वीडियो शेयर किया था। इस वीडियो में वो और VIP प्रमुख मुकेश सहनी आपस में आगे होने वाली जनसभा, रोजगार, एनडीए को लेकर लोगों में नाराजगी जैसे मुद्दे पर बातचीत कर रहे थे। वीडियो में तेजस्वी कह रहे थे कि पीएम मोदी की बातों से जनता ऊब चुकी है। उनका भाषण पकाऊ और थकाऊ है। जनता खुद उन्हें हटाना चाहती है। इस दौरान तेजस्वी दावा कर रहे है कि इंडिया गठबंधन को इस बार 300 से अधिक सीटें आएंगी।

## चुनावी ड्यूटी से अनुपस्थित 144 कर्मियों से स्पष्टीकरण

**एजेंसी, मुजफ्फरपुर।**

मुजफ्फरपुर लोकसभा चुनाव 2024 के सफल और सुचारू संचालन के लिए लंगट सिंह कॉलेज मुजफ्फरपुर में स्थापित डिस्पैच सेंटर पर 18 मई को पीठासीन पदाधिकारी, पी-1, पी-2, पी-3 को योगदान करने का निर्देश दिया गया था, पर 144 कर्मी अनुपस्थित रहे। उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने चुनाव में योगदान नहीं करने वाले कर्मियों से स्पष्टीकरण की मांग की है। जिन कर्मियों का जवाब असंतोषजनक रहेगा, वैसे कर्मियों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के तहत विधिसम्मत कार्रवाई का आदेश जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी को दिया गया है। मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 8 पीठासीन पदाधिकारी, तीन p1, तीनp2, सात p3 योगदान नहीं किये। कुढ़नी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 6 पीठासीन पदाधिकारी, तीन p1 , पांच p2 , सात p3 योगदान नहीं किये। सकरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 13 पीठासीन ऑफिसर , चार p1 , सात p2 , चार p3 योगदान नहीं किया। औराई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 12 पीठासीन पदाधिकारी,, 8 पी वन, छह पी-2, चार p3 योगदान नहीं दिया। गायघाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 14 पीठासीन पदाधिकारी, तीन पी1, सात पी 2, पांच पी 3 योगदान नहीं किए। बोचहा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 9 पीठासीन पदाधिकारी, 2 पी1, चार p3 योगदान नहीं किया।



## सर्वर चालू होते ही बैलेंस माइनस, मगर रिचार्ज नहीं हो पा रहा

**एजेंसी, पटना।**

बिजली का स्मार्ट प्रीपेड मीटर ऑनलाइन रिचार्ज नहीं हो रहा है। इससे उपभोक्ता परेशान हैं। उपभोक्ता सोमवार को डिविजन कार्यालय का चक्कर लगाते रहे। काउंटर से कुछ उपभोक्ताओं को रिचार्ज कराने में सफलता मिली। भीड़ होने के बाद पेसू के कर्मियों द्वारा बिजली नहीं काटे जाने का भरोसा दिलाया गया तब लोग बिना रिचार्ज कराए लौट गए। 2 मई को सर्वर में तकनीकी गड़बड़ी आने के बाद प्रीपेड मीटर का बैलेंस कटना बंद हो गया था। सर्वर चालू होने के बाद पटना के 3 लाख से अधिक उपभोक्ताओं का बैलेंस निगेटिव हो गया है। लेकिन रिचार्ज नहीं हो पा रहा है। लोग चिंतित हैं कि कहीं भीषण गर्मी में बिजली सप्लाई बाधित नहीं हो।



**ऑरेंज-पे से भी रिचार्ज नहींः** खुद रिचार्ज नहीं कर पाने वाले उपभोक्ताओं की मदद के लिए बिजली कंपनी ने ऑरेंज-पे से समझौता किया है। इस एजेंसी के कर्मियों के माध्यम से भी रिचार्ज नहीं हो रहा है। इस एजेंसी के माध्यम से 16 से 20 मई तक रिचार्ज कराने वालों को स्लिप तो मिल गया है, लेकिन बैलेंस अपडेट नहीं हुआ है। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के जीएम राजस्व अरविंद कुमार ने कहा कि सर्वर नॉर्मल होने तक बिजली नहीं कटेगी।

## नवादा, बक्सर समेत 5 जिलों में जोरदार बारिश, 19 में अलर्ट, पटना में छाए बादल, तेज हवा चलने की भी संभावना

**एजेंसी, पटना।**

बिहार में मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 19 जिलों में बारिश और तेज हवा चलने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, मंगलवार की सुबह आरा, जमुई, जहानाबाद, नवादा, नालंदा और बक्सर में बारिश हुई है। पटना में भी मौसम सुहाना है। सुबह बादल छाए रहे। विभाग की माने पूरे दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। जिसके कारण से मेघगर्जन और वज्रपात के साथ हल्की से मध्य स्तर की बारिश होने की संभावना है। इस दौरान तेज आंधी चल सकती है। गर्मी से लोगो को 25 मई के बाद से और राहत मिलने की संभावना है। इस दौरान प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में आंधी के साथ बारिश या गरज के साथ बूंदाबादी होने की संभावना है।




औरंगाबाद रहा सबसे गर्म

**इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारीः** मौसम विभाग ने आज पूर्वी और पश्चिमी चंपारण में बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा गोपालगंज, सीवान, सारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज।

**सोमवार को इन जिलों में हुई इतनी एमएम बारिशः** सबसे अधिक बारिश अररिया के फारबिसगंज में 80 और किशनगंज के चरघरिया में 72.4 एमएम हुई। वहीं पूर्णिया में 11, भागलपुर में 1, बांका में 2.8, सुपौल में 7.2, मधुबनी में 3.3, सीतामढ़ी में 0.5, कटिहार में 6, पश्चिमी चंपारण में 15.3, पूर्वी चंपारण में 10.9, मुजफ्फरपुर में 2, समस्तीपुर में 1.6, और गोपालगंज जिला में 1.7 मिलीमीटर बारिश हुई।

# पटना में बीजेपी वर्कर्स से मिले प्रधानमंत्री मोदी; एक्स पर दिया रिएक्शन



## बोले- ऐसे कर्मठ कार्यकर्ताओं पर गर्व है

**पटना , एजेंसी।** बिहार के दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पहली बार प्रदेश भाजपा कार्यालय में नाव प्रबंधन समिति के 119 सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होने पार्टी कार्यकर्ताओं को तनावमुक्त रहने को कहा है। दिन में एक बार खुलकर हंसने और सही तरीके से भोजन करने की भी नसीहत दी है। भाजपाा कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट भी किया। जिसमें उन्होने पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता पर गर्व होने की बात कही। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा कि पटना में भाजपा कार्यालय जाने का सुअवसर प्राप्त हुआ। यहां कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था। पार्टी को अपने ऐसे कर्मठ कार्यकर्ताओं पर गर्व है। सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पीएम दो दिवसीय बिहार दौरे पर आए। रात के लगभग साढ़े सात बजे प्रदेश भाजपा कार्यालय आने पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े, पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री रितुराज सिन्हा और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय मयूख ने पीएम का स्वागत किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्यों से बातचीत की। फिर लगभग घंटेभर पीएम पार्टी कार्यकर्ताओं से रू-ब-रू हुए। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से उनकी दिनचर्या के बारे में जानकारी ली। घर-परिवार का हाल पूछा। सबों को सही तरीके से भोजन करने की नसीहत दी। पीएम ने कहा कि जीवन जीने के लिए जरूरी है कि तनावमुक्त रहें। इसके लिए दिन में 10 मिनट जरूर खुलकर हंसे। यह हंसी केवल दिखावे के लिए नहीं हो। इस तरह हंसें कि तन-मन प्रफुल्लित हो उठे। गुजरात के सीएम के रूप में अपने कार्यकाल को याद करते हुए पीएम ने उन बिहारियों को याद किया जो उनसे आकर मिला करते थे। बिहार की बड़ाई करते हुए पीएम ने कहा कि यहां की कई चीजें मुझे अच्छी लगती है। पीएम करीब दो घंटे पार्टी दफ्तर में रहे और 930 बजे वहां से निकले। पीएम आज बिहार में दो चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

## विशेष दक्ष परीक्षा 28 मई को होगी :चयनित बच्चे अपने विद्यालय में ही देंगे एग्जाम, मूल्यांकन 29 और 30 मई को होगा

**बेगूसराय, एजेंसी।** गर्मी की छुट्टी के दौरान प्राथमिक और मध्य विद्यालय में चले मिशन दक्ष कक्षा में पढ़ने वाले बच्चे 28 मई को विशेष परीक्षा देंगे। दक्ष के लिए चयनित बच्चे अपने विद्यालय में ही परीक्षा देंगे। शिक्षा विभाग बिहार के प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के निर्देश पर इसकी तैयारी कर ली गई है। परीक्षा एक पाली में 10:30 बजे 1:00 बजे तक होगी और इसमें वर्ग 3, 4, 6 और 7 के बच्चे शामिल होंगे। प्राथमिक शिक्षा निदेशालय ने डीईओ को भेजे गए पत्र में कहा है कि बच्चों की मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा नियमावली के प्रावधानों के तहत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में 5वीं और 8वीं के वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण और अनुपस्थित छात्र-छात्राओं की पुनः परीक्षा 21 से 28 मई के बीच होगी। इसलिए 5वीं और 8वीं कक्षा के मिशन दक्ष की विशेष कक्षाओं के लिए चयनित बच्चे मिशन दक्ष की विशेष परीक्षा में सम्मिलित नहीं होंगे। शेष वर्ग 3, 4, 6 और 7 के बच्चों के लिए विशेष परीक्षा 28 मई को होगी। मूल्यांकन बगल के दो विद्यालयों में 29 और 30 मई को किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### विजय के हवाला कारोबार को लेकर भी हो रही जांच

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जेल भेजे गए वार्ड 41 के पूर्व पार्षद विजय झा ने न केवल सूदखोरी से बड़ी संपत्ति अर्जित की है। बल्कि, हवाला से भी उसके तार जुड़ने की आशंका जांच एजेंसी को है। इसको लेकर जांच एजेंसी साक्ष्य तलाश रही है। उसके ठिकानों से मिले बैंक एकाउंट की जांच की जा रही है। शराबबंदी के बाद उसके लेन देने को खंगाला जा रहा है। बताया गया कि शहर के एक बड़े शराब सिंडिकेट संचालक से विजय का संबंध है। आशंका है कि उस सिंडिकेट से जुड़कर विजय शराब के रुपये को हवाला के जरिए ठिकाना लगा रहा था। बड़ी राशि नेपाल भेजा करता था। इसके लिए उसे कमीशन भी मिलता था। गोपनीय ढंग से आयकर विभाग को दी गई इस सूचना का सत्यापन किया जा रहा है। जांच में ऐसा कुछ भी मिला तो मामले की जांच के लिए ईओयू को भी शामिल किया जायेगा।

### किलकारी के छह बच्चों ने कराटे प्रतियोगिता में लपका गोल्ड मेडल

**गया, एजेंसी।** खेल परिसर में गया कराटे संगठन की ओर से आयोजित कराटे प्रतियोगिता में किलकारी के बच्चों ने परचम लहराया। किलकारी के छह बच्चों ने गोल्ड मेडल हासिल किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों में विवेक कुमार 14 वर्ष आयु वर्ग फाइट में गोल्ड मेडल, मो. आदिल 12 वर्ष आयु वर्ग में गोल्ड मेडल, गौरव कुमार 13 वर्ष आयु वर्ग में गोल्ड मेडल, सुशांत कुमार 19 वर्ष आयु वर्ग में गोल्ड मेडल, सूरज कुमार 13 वर्ष आयु वर्ग में गोल्ड मेडल, सत्यम कुमार 17 वर्ष आयु वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इन सभी बच्चों को गया के खेल पधाधिकारी नरेश कुमार चौहान ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके बाद किलकारी में सभी बच्चों को प्रमंडल कार्यक्रम समन्वय राजीव रंजन श्रीवास्तव, धर्मेंद्र कुमार, गुड़िया कुमारी व किलकारी के सभी प्रशिक्षकों ने तिलक लगाकर स्वागत किया। कराटे प्रशिक्षक गोविंद कुमार के नेतृत्व में यह बच्चे ने कराटे प्रतियोगिता में भाग लिए थे।

### कच्ची नाली की उड़ाही को लेकर महिलाएं हुई एकजुट

**भागलपुर/ नाथनगर, एजेंसी।** नगर निगम वार्ड नौ के साहेबगंज स्थित धानुक टोली लेन में सोमवार को नियमित कच्ची नाली की उड़ाही नहीं होने के विरोध में स्थानीय महिलाओं ने एकजुट होकर स्थानीय पार्षद समेत निगम के पदाधिकारियों के विरोध में नाराजगी जाहिर की। वार्ड दो की पार्षद सोनी देवी को बुलाकर समस्या से अवगत कराया। स्थानीय महिलाओं में फूलन देवी, अनिता देवी, रूबी देवी, शांता देवी, परमिला देवी आदि ने बताया कि कच्ची नाली की उड़ाही नहीं होने से पानी की निकासी नहीं हो पाती है और सड़क पर जलजमाव हो जाता है। मामले पर वार्ड दो की पार्षद सोनी देवी ने बताया कि वार्ड नौ में पहुंचकर उन्होंने समस्या को देखा है। समाधान के लिए वे नगर आयुक्त और मेयर से मिलेंगी। जल्द समस्या का समाधान कराया जाएगा।

### किसान गोष्ठी में मोटे अनाज की खेती करने पर जोर

**गया, एजेंसी।** प्रखंड स्थित ई-किसान भवन में सोमवार को गोष्ठी हुआ। इस दौरान किसानों को मोटे अनाज की खेती करने के लिए प्रेरित किया गया एवं किसानों को कम वर्षा, कम खाद व जलवायू परिवर्तन में होने वाले नुकसान से कसे बचा जा सकता है। कैसे अधिक मुनाफा लिया जा सकता है आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं, मोटा अनाज ज्वार, बाजरा, मडुआ, चिना, कोदो, कुरकी, मक्का की खेती करने पर किसानों को मिलने वाले अनुदान व प्रोत्साहन राशि की भी जानकारी दी गई। इस मौके पर जिला स्तरीय विभा कुमारी सहायक निदेशक मगध प्रमंडल, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण एसएन मलिक, बीएओ सोमेश्वर मेहता, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, कृषि समनयक, किसान सलाहकार, चयनित कृषक आदि रहे।

### वास्तु विहार में मंदिर का शिलान्यास

**गया, एजेंसी।** वास्तु विहार के गया साइट पर धूमधाम से मंदिर का शिलान्यास हुआ। गया के भिंडस मोड़, मगध डेयरी के पास पैमार रोड में स्थित साइट पर शिलान्यास किया गया। इस मौके पर कंपनी के सीएमडी, डीएमडी धीरेंद्र सिंह, ओंकार प्रसाद,जीएम जितेंद्र सिंह, अजय राय, मनीष सिंह कोर्डिनेटर स्नेहा अदिति, मार्केटिंग के प्रशांत, सन्नी,विकास सहित कई इंजीनियर व अधिकारी मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर चोरी करते हुए 2 गिरफ्तार: टेलर लेकर भागने की फिराक में थे, दोनों आरोपी को थाने ले गई पुलिस




**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद शहर के नगर थाने की पुलिस ने पुरानी जीटी रोड होटल स्काई व्यूके समीप से एक ट्रैक्टर टेलर की चोरी कर भागते दो चोरों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोरों की पहचान हसपुरा थाना क्षेत्र के जमाल बिगहा निवासी भूषणयादव के 18 वर्षीय पुत्र धनंजय कुमार और एक नाबालिग युवक के रूप में हुई है। जबकि एक चोर जो ट्रैक्टर चला रहा था, भागने में सफल रहा।

### चोरी की घटना का अंजाम देने पहुंचे चोर गिरोह

सभी चोर खुद का ट्रैक्टर लेकर क्लब रोड निवासी एक व्यक्ति काखड़ा ट्रैक्टर टेलर चोरी कर रहे थें।नगर थानाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार नेबताया कि रविवार की शाम पुरानीजीटी रोड स्थित स्काई व्यू होटलके समीप से एक व्यक्ति का कॉलआया कि चोर गिरोह एक ट्रैक्टरटेलर चोरी कर भाग रहा है। इस दौरान कुछ स्थानीय लोग दो चोरों को पकड़ कर रखा था, जिसे पुलिस ने न्यायिक हिरासत में लेकर पूछताछ की।

### दोनों को थाने लाया गया

पूछताछ के क्रम में घटना करने की बात स्वीकार की है। दोनों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। चोरों की निशानदेही पर अन्य चोरों की भी सुराग मिली है। फरार चोर की भी पहचान कर ली गई है। जल्द ही उक्त चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा। इधर चोरी घटना की एक प्राथमिकी ट्रैक्टर मालिक केचालक सूरज कुमार राय निवासीतारा ओबरा ने नगर थाना में दर्जकराया है। इसमें कहा है कि वह क्लब रोड निवासी वरीय अधिवक्ता कृष्ण विजय प्रसाद सिंह का ट्रैक्टर चालक है।

### घर जाने के दौरान नजर आया

वह 19 मई की देर शाम बाजार से सामानों की खरीदारी कर पुरानी जीटी रोड स्काई व्यू होटल के रास्ते घर जा रहा था, तभी देखा कि कुछ अनजान व्यक्ति मालिक का खड़ा टेलर अनजान एक ब्लू रंग के पावर ट्रैक ट्रैक्टर के इंजन से जोड़कर भागने की फिराक में हैं। अपने साथियों के सहयोग से जब चोरी कर भाग रहे लोगों से पूछताछ की तो वे लोग टेलर जोड़कर भागने लगे। लेकिन शोरगुल केबाद अन्य लोग जुटे और किसी तरह चोरों को पकड़ने का प्रयासकिया, लेकिन एक चोर तेज रफ्तारसे टेलर छोड़कर ट्रैक्टर लेकर भाग निकला। हम सभी पीछा भी किया,लेकिन रात होने के कारण वहलहरिया कट मारते हुए भागनिकला।

### 20 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ी गई महिला

**गया, एजेंसी।** बांकेबाजार पुलिस ने थाना क्षेत्र के सोनदाहा टोला बाराटांड़ से 20 लीटर महुआ शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### सड़क हादसे में जीयो के टेक्नीशियन की मौत

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप सोमवार को अज्ञात वाहन ने जियो कंपनी के बाइक सवार टेक्नीशियन को कुचल दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर पट्टी गांव वार्ड नंबर आठ निवासी स्व. मोती लाल शर्मा का 32 वर्षीय पुत्र अजय कुमार है। वह जियो कंपनी में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत था। कंपनी में काम कर रहे राजेंद्र कुमार ने बताया कि वह हर रोज की तरह भी बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान अमराई नवादा गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने उन्हें सूचना दी।

**घटना की सूचना पुलिस को दी :** सूचना पाकर वे लोग वहां पहुंचे और उसे इलाज के लिए चंदवा स्थित निजी अस्पताल ले आए। परिजन भी चंदवा स्थित निजी अस्पताल पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी।



## बुद्ध जयंती समारोह में हजारों की संख्या में आएंगे विदेशी

**गया, एजेंसी।** गया में 23 मई को बुद्ध पूर्णिमा है। इस मौके पर भगवान बुद्ध जयंती मनाई जाएगी। जयंती तीन दिवसीय समारोह के तहत मनाई जाएगी। समारोह पवित्र बोधि वृक्ष की छांव में मनाया जाएगा। समारोह में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा में जिला पुलिस जुटी है। बुद्ध जयंती के मौके पर हजारों की संख्या में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। महाबोधि मन्दिर परिसर के बाहर बोधगया परिक्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस तैनात किए जा रहे हैं। सुरक्षा की जिम्मेदारी जिला पुलिस और अर्ध सैनिक बल को दी गई है। महाबोधि मंदिर परिसर से 3 किलोमीटर दूर तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है। तीन किलोमीटर के दायरे में 200 जवान और अधिकारी तैनात रहेंगे। इस बात की जानकारी एसएसपी आशीष भारती ने दी है।

**सड़क मार्ग का रूट डायवर्ट किया जाएगा :** समारोह का उद्घाटन राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर करेंगे। 23 मई को सुबह से लेकर देर शाम तक कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्यपाल के अलावा विभिन्न क्षेत्र की बड़ी हस्तियों व वीआईपी के आने की सूचना पुलिस प्रशासन को मिली है। एसएसपी ने बताया कि बुद्ध जयंती समारोह के मौके पर बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के मद्देनजर बोधगया के अंदर और बाहरी सड़क मार्ग का रूट डायवर्ट किया जाएगा। इसके लिए यातायाता पुलिस की ओर से रूट प्लान भी तैयार किया जा रहा है।



## अगले 5 दिनों तक भीषण गर्मी से रहेगी राहत, 16 जिलों में हुई झमाझम बारिश, लुढ़का पारा

**पटना , एजेंसी।** पटना सहित प्रदेश में 26 मई तक प्रचंड गर्मी से राहत रहेगी। इस दौरान सूबे के अलग-अलग हिस्सों में आंधी के साथ बारिश या गरज के साथ बूंदाबादी पड़ने की संभावना है। रडार और उपग्रह से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार मंगलवार को 34 जिलों में मेघगर्जन व वज्रपात के साथ हल्की से मध्य स्तर की बारिश होने के आसार हैं। इस दौरान तेज आंधी चल सकती है। मौसम विभाग ने उत्तर बिहार के लिए ऑरेंज और दक्षिण बिहार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। पटना के अधिकतम तापमान में सोमवार को 4.7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। इस कारण अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। पटना में सुबह से ही बादल छाए थे। दिन के समय लोगों को मध्यम स्तर के सूर्य की रोशनी का दर्शन हुआ। पटना के आसपास के जिलों में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई। सोमवार को सूबे के 16 जिलों में झमाझम या हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश अररिया के फारबिसगंज में 80 और किशनगंज के चरघरिया में 72.4 एमएम हुई। वहीं अररिया में 38.8, किशनगंज में 23.8, पूर्णिया में 11, कटिहार में 6, भागलपुर में 1, बांका में 2.8, सुपौल में 7.2, मधुबनी में 3.3, सीतामढ़ी में 0.5, पश्चिमी चंपारण में 15.3, पूर्वी चंपारण में 10.9, मुजफ्फरपुर में 2, समस्तीपुर में 1.6, और गोपालगंज जिला में 1.7 मिलीमीटर बारिश हुई। वहीं दरभंगा और पूर्णिया में हल्की बारिश हुई।

# ट्रक और कार के बीच टक्कर, 6 जख्मी:देवघर से मुंडन कराकर खगड़िया लौट रहे थे सभी, 3 की हालत गंभीर



**जमुई, एजेंसी।** जमुई, झाझा गिद्धौर मुख्य मार्ग के दादपुर चौक के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक बोलोरो को जबरदस्त टक्कर मार दिया। इस घटना में बोलेरो वाहन पर सवार आठ लोगो में छह लोग घायल हो गए।घायलों में तीन की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जिसे बेहतर इलाज के लिए जमुई सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सभी एक ही परिवार के बताए जाते है। जो देवघर बाबाधाम से बच्चो का मुंडन संस्कार करा कर लौट रहे थे। घायलों में पांच लोग खगड़िया जिले का वही एक झारखंड के नोनिया आहार इलाके का बताया जाता है। घटना 10 बजे रात की बताया जाता है।

### वाहन में आठ लोग सवार थे

घायलों की पहचान सूरज कुमार 15 वर्ष पिता मनोज गीता देवी 50 वर्ष पति सुरेश महतो,रेखा देवी 45 पति गंगा महतो ,मुसनी देवी 60 साल पति बिनो महतो,मिथुन कुमार ( चालक ) 28 वर्ष पिता ओमप्रकाश महतो सभी खगड़िया जिले का,वही राजकुमारी देवी 45 वर्ष,पति रामस्वरूप महतो झारखंड के नोनिताहाट इलाके के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल मुसनी देवी,गीता देवी,राजकुमारी देवी को बेहतर इलाज के लिए जमुई सदर अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि दो गाड़ी से 14 लोग मुंडन के लिए देवघर गए हुए थे। तभी एक बोलोरो वाहन में जिसमें आठ लोग सवार थे को एक बेलगाम ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया। वही पीछे से दूसरे वाहन में सवार परिजनों ने सभी घायलों को इलाज के लिए झाझा रेफर अस्पताल में भर्ती कराया।

### टक्कर के बाद कुछ दूर तक घसीटा

घटना की जानकारी देते चालक मिथुन कुमार ने बताया की सूरज कुमार का देवघर से मुंडन करा कर लौट रहे थे। तभी अचानक एक ट्रक तेज गति में आकर बोलोरो वाहन में टक्कर मार दिया और घसीटे हुए कुछ दूर तक ले कर चला गया। जिसमें छह लोग घायल हो गए।

### तीन की हालत गंभीर

डॉक्टर नबाब ने बताया के सड़क हादसा में 6 लोग घायल हुए है। घटना दादपुर चौक के पास घटी है। जिसमें तीन की स्थिति नाजुक है।जिसे जमुई सदर अस्पताल रेफर किया गया है।सभी खगड़िया जिले के रहने वाले है। इस घटना की सूचना झाझा पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है।

# मशरूम ने खोला किस्मत का ताला, यूट्यूब से मिला रास्ता

**बेगूसराय, एजेंसी।** इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद बेगूसराय के अमन का सालाना 4 लाख रुपए के लिए जॉब करना। नौकरी कहीं चली ना जाए इसकी अलग से टेंशन। अचानक कोरोना ने सब कुछ बदल दिया। आज अमन एक लाख रुपए महीना कमा रहे हैं। साथ ही 12 लोगों को जॉब भी दे रखी है। यह संभव हुआ अमन की पॉजिटिव सोच और मेहनत से। वो यूट्यूब पर वीडियो देखते हुए एसी में मशरूम उत्पादन का एक बेहतरीन कॉन्सेप्ट लेकर आए। आज इनका मशरूम बिहार के अलावा बंगाल और झारखंड में भी सप्लाई किया जा रहा है। बेगूसराय के रतनपुर निवासी अमन ने बीटेक की पढ़ाई की थी। इसके बाद वह एक प्राइवेट कंपनी में जॉब कर रहे थे। लेकिन कोरोना में जब घर आए तो फिर जॉब करने वापस नहीं गए। अब वह स्टाफ नहीं मालिक हैं और महीने की उसकी आमदनी एक लाख रुपए है। आमतौर पर मशरूम का उत्पादन सिर्फ ठंड के समय होता है। लेकिन अमन ने एसी में मशरूम उत्पादन शुरू कर दिया। उसके कॉन्सेप्ट से अब बेगूसराय के लोगों को कहीं दूसरे जगह से मशरूम नहीं लाना पड़ता है। बल्कि कोई भी मौसम हो सालों भर अब बेगूसराय के लोग अपने यहां का ताजा मशरूम खाते हैं। पर बेगूसराय का बाजार



छोटा होने की वजह से उन्होंने अपने मशरूम की सप्लाई दूसरे राज्यों में भी शुरू कर दी। अमन ने बताया कि घर पर दिनभर बैठे यूट्यूब पर देखता रहता था कि क्या कुछ नया किया जा सकता है। यूट्यूब पर देखते ही देखते मन में ख्याल आया कि अभी अपने यहां के लोग ताजा मशरूम सिर्फ ठंड के समय में ही खाते हैं। शेष दिनों में बाहर से मशरूम मंगाया जाता है। क्यों ना एसी रूम बनाकर मशरूम का उत्पादन शुरू किया जाए। अमन बताते हैं कि पिताजी से मशरूम उत्पादन के संबंध में बात किया। उनसे सहायता लेकर जब काम शुरू किया तो लोग हंसते थे। कहते थे इतना पढ़ लिखकर मशरूम उत्पादन करेगा। दो लाख लोन लेने के लिए बैंक गया तो उन्होंने लोन देने से इनकार कर दिया। क्योंकि उन्हें डर था प्रोजेक्ट फेल हो जाने का। अमन के अनुसार, हमने किसी तरह से आत्मविश्वास के बल पर कारोबार खड़ा किया। आज करीब ढाई करोड़ रुपए टर्नओवर है। एक लाख महीने की आमदनी है।

# बिहार विधानसभा चुनाव से पहले 10 लाख नौकरियां देंगे- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

**सीवान, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद और एक लाख लोगों को नौकरी दी जाएगी। इसकी तैयारी पूर्व से चल रही है। वहीं, अगले वर्ष विस चुनाव से पहले तक दस लाख को नौकरी दे देंगे। मुख्यमंत्री सोमवार को सीवान और वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में जाति आधारित गणना कराई गई है। इसके साथ सबकी आर्थिक स्थिति का आकलन भी हुआ है। प्रदेश के 94 लाख गरीब परिवारों को दो-दो लाख रुपये की मदद दी जा रही है। उन्होंने कहा कि 60 वर्ष पुराने राज्य के मंदिरों की चहारदीवारी कराई जाएगी। चहारदीवारी होने से मंदिर सुरक्षित हो जाएगा। हम तो सबके लिए काम करते हैं। कब्रिस्तान की घेराबंदी कराई, घर-घर बिजली पहुंचाई। नल का जल पहुंचाया। प्रत्येक टोले को पक्की सड़क से जोड़ा। जो थोड़ा-बहुत काम बचे हैं, वे भी जल्द होंगे। 2005 से पहले क्या था यहां, पीएचसी में महीने में 29 मरीज इलाज कराने जाते थे। वहां डॉक्टर और दवा की सुविधा मैंने उपलब्ध कराई तो 11 हजार लोग प्रति महीने इलाज कराने जाते हैं। पांचवीं के बाद लड़कियां पढ़ाई नहीं करती थीं। हमने साइकिल-पोशाक समेत अन्य सुविधाएं स्कूलों में दीं, तब लड़कियां पढ़ रही हैं। सीएम नीतीश ने कहा कि पुलिस सेवा में महिलाओं को 35 फीसदी आरक्षण दिया गया है। प्रदेश में 20 हजार महिलाएं पुलिस सेवा में हैं। प्रधानमंत्री की मदद



से बिहार में और काम को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि कहीं भी किसी काम की कमी होगी तो उसे पूरा किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 के पहले शाम को कोई बाहर नहीं निकलता था। 2005 के बाद में स्कूली छात्राएं अपनी मां को लेकर साइकिल पर निकलने लगीं। बिहार में इस बदलाव को आप नहीं भूलियेगा।

2005 से पहले महिलाएं बोलती तक नहीं थीं। मैं केंद्र में मंत्री था, तब सभी जगह जाते थे। दूसरे प्रदेशों में स्वयं सहायता समूह में महिलाओं को आत्मनिर्भर होते देखता था। बिहार में हमारी सरकार बनी तो जीविका का गठन किया। तब केंद्र में विरोधी पक्ष की सरकार थी। मेरे जीविका के नाम पर केंद्र में आजीविका नाम से स्वयं सहायता समूह का नाम दिया।

# चंपापुर गोनौली पंचायत के लोगों ने वापस लिया वोट बहिष्कार का निर्णय

चाणक्यभूमि वाल्मीकिनगर

चंपापुर गोनौली पंचायत के गोराड़ प्राथमिक विद्यालय में मुखिया प्रियंका देवी की अध्यक्षता में लगभग आधा दर्जन गांवों के गुमस्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान करने को लेकर एक अहम बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मुखिया प्रियंका देवी ने प्रत्येक गांव के गुमास्ताओं को अपने-अपने ग्रामीणों से वोट बहिष्कार न करने, और लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। मुखिया प्रियंका देवी ने कहा कि जनप्रतिनिधियो के आश्वासन के बाद वोट बहिष्कार करने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि और अधिकारियों के द्वारा चुनाव बाद बरसाती नदी मनोर पर पुल बनवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी ऐसा आश्वासन मिला है। इसीलिए हम सभी को एकजुट होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए ।



बरसाती मनोर नदी चंपापुर गोनौली पंचायत को दो भागों में बांटती है। इस नदी से होकर प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं। बरसात के समय में यह नदी उफान पर होती है, और लगभग 25000 लोग इससे प्रभावित होते हैं। इस क्षेत्र के लोगों का संपर्क गोनौली बाजार से एवं वाल्मीकिनगर बगहा मुख्य पथ से टूट जाता है। मुखिया प्रियंका देवी ने बताया कि लगभग 25 वर्षों से मनोर नदी पर पुल बनाने की मांग की जा रही है, लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि ने सूध नहीं ली।

**20 और 30 अप्रैल को ग्रामीणों ने बैठक कर वोट बहिष्कार का लिया था फैसला** -: मनोर नदी पर पुल नहीं बनने को लेकर चंपापुर गोनौली पंचायत के लगभग आधा दर्जन गांवों के ग्रामीणों ने 20 और 30 अप्रैल को एक बैठक कर लोकसभा चुनाव में किसी भी प्रत्याशी को वोट नहीं करने का फैसला लिया था। ग्रामीणों के इस फैसले को देखते हुए सभी प्रत्याशियों के कान खड़े हो गए थे। लेकिन पुल बनवाने के मिले आश्वासन के बाद गुमस्ता केदार शाह, मलकौली गुमस्ता राजेश राम, सखुअनवा गुमस्ता तारकेश्वर प्रसाद, गुमस्ता कैर महतो ,दिनेश महतो अजय महतो ने वोट बहिष्कार से यू टर्न लेते हुए सभी ग्रामीणों को बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की है।

**• चंपापुर गोनौली पंचायत के मुखिया ने गुमस्ताओं के साथ की बैठक कर मतदान करने पर बनाई सहमति मनोर नदी पर पुल नहीं बनने को लेकर ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार का किया था ऐलान**

# अज्ञात व्यक्ति का शव पेड़ से लटका मिला पुलिस जांच में जुटी



चाणक्य भूमि बगहा

रामनगर स्थित मोतीपुर बगीचे में एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। पेड़ से लटकते हुए व्यक्ति के शव को गांव के बच्चों ने देखा इसके बाद बच्चों ने गांव में पहुंचकर सूचना दी । सूचना पर पहुँचे गांव के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। थाना अध्यक्ष अनंत राम ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर अंतिम परीक्षण के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, बगहा भेजा जा रहा है। शव की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। मृतक टी-शर्ट मर्दानी पहन रखा है। इसके साथ ही सिर पर पगड़ी बांधे हुए है। मृतक के चेहरे पर एक मस्सा है, जिससे उसकी पहचान की जा रही है।

# कुत्ता के काटे हुए 19 मरिजो का स्वास्थ्य केंद्र में हुआ इलाज

चाणक्य भूमि बैरिया

बैरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार के दिन 19 लोगों को कुत्ते के काटने का इलाज बैरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। जानकारी देते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी ने बताएं कि प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग जगह से आए लोगों का इलाज किया गया। उन्होंने बताया कि एक दिन में 19 लोगों को कुत्ता के काटे हुए मरीजों का इंजेक्शन दिया गया। वहीं उन्होंने बताया कि मौसम की बदलाव के कारण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मौसमी बीमारी से जूझ रहे लोगों का भी इलाज किया जा रहा। इधर मरीजों ने बताया कि सभी प्रकार की दवाई उपलब्ध है। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताएं कि घायल मरीजों में पुलियाखाड के चांदनी कुमारी, भीताहा के अर्चना कुमारी,तधवानंदपुर के जितेंद्र प्रसाद,पुजहा के धीरज कुमार,बगही के अभिमान कुमार एवं फुलियाखाड के रमेश राम सहित प्रखंड क्षेत्र के अन्य जगह से घायल मरीज शामिल रहे वही आपको बता दे की स्वास्थ्य कार्यकर्ता भरत शर्मा ,बृजलाल यादव एवं डाटा ऑपरेटर नीतू कुमारी के सहयोग से सभी मरीजों के बिच दवा उपलब्ध कराया जा रहा है।




# शराब कारोबारी गिरफ्तार पुर्व में भी जा चुका है जेल

चाणक्य भूमि बैरिया

बैरिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के सिसवा सरैया पंचायत के सरैया चौक से ठंडा मीट की दुकान से छापामारी करते हुए विदेशी शराब के साथ एक धंधेबाज को दबोच लिया, थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सुचना मिला की। ठंडा मीट के दुकान में शराब का कारोबार हो रहा है। अविलंब कार्यवाई करने पर शराब के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार किया जा सकता है। सुचना पर जमादार सर्वेस कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित करते हुए सरैया चौक पर पहुंच ठंडा-मिट के दुकान में छापामारी किया छापामारी के दौरान 8 पीएम के विदेशी शराब 29 पीस बरामद किया गया। मामले में शराब कारोबारी परमा शाह के पुत्र राजन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि राजन पूर्व में भी शराब कारोबार के मामले मे जेल जा चुका है। कार्रवाई करते हुए मंगलवार के दिन पुलिस न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



# यातायत डीएसपी दिलीप कुमार पर मारपीट का लगा आरोप

चाणक्य भूमि बगहा

लोकसभा चुनाव के दौरान वाहन कोषांग में तैनात अंचल नाजिर पप्पू कुमार ने अपने साथ मारपीट का आरोप यातायात डीएसपी दिलीप कुमार पर लगाया गया है। नाराज अंचल व प्रखंड कर्मियों ने सोमवार को वाहन कोषांग के कार्यो को ठप कर दिया एवं इस मामले में एसडीएम डा. अनुपमा सिंह को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। कर्मियों के शिकायत पर एसडीएम ने इस मामले मे बगहा दो बीडीओ जयराम चौरसिया एवं सीओ निखिल कुमार को सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की जांच का निर्देश दिया है। अंचल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात करीब 10 बजे यातायात डीएसपी वाहन कोषांग पहुंचे। जहां उन्होने कोषांग के कर्मियों से इंधन हेतु तेल की मांग की। अंचल नाजिर अपने घर जा रहे थे सूचना मिलने के बाद नाजिर एसएसबी कैंप स्थित वाहन कोषांग पहुंचे। इसी दौरान किसी बात पर यातायात डीएसपी पूरी तरह से आग बबूला हो गए एवं अंचल नाजिर की पिटाई कर दी। इतना ही नहीं यातायात डीएसपी ने अंचल नाजिर को थाने की हाजत में भी बंद कर दिया। बाद में इसकी सूचना बगहा दो सीओ को मिली। सुचना पर थाना पहुंचे बगहा दो सीओ निखिल कुमार एवं बीडीओ जय कुमार चौरसिया के काफी मशक्कत के बाद डीएसपी ने अंचल नाजिर को हाजत से छोड़ा। इसके बाद सोमवार को कर्मियों ने कार्य को ठप्प कर मामले की शिकायत एसडीएम से कर मामले की निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग की। इधर यातायत डीएसपी दिलीप कुमार का कहना है कि वे नाजिर को नहीं जानते हैं तथा नाजीर के द्वारा लगाया गया आरोप निराधार है।



**• अंचल नाजिर पप्पू कुमार ने अपने साथ मारपीट का आरोप यातायात डीएसपी दिलीप कुमार पर लगाया है इस मामले में एसडीएम ने सीसीटीवी फुटेज जांच का दिया निर्देश**

वही बगहा एसडीएम डॉ. अनुपमा सिंह ने बताया कि मामले में शिकायत मिली है। जिसकी जांच की जा रही है। एसडीएम ने आगे बताया कि काम के दौरान मिस अंडरस्टैंडिंग हो जाती है। दोनों पक्षों से बात की जा रही है। किसने क्या कहा और वहां पर क्या हुआ इसकी जानकारी प्राप्त की जा रही है।




# मोटर खराब, डेढ़ माह से जलापूर्ति बंद, बंगाली टोला के 100 परिवार को नहीं मिल रहा पेयजल

## पानी के लिए गांव से जाना पड़ता है 2 किमी दूर

चाणक्य भूमि

भागलपुर के कहलगांव नगर पंचायत में पेयजल की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। वार्ड नंबर-14 के बंगाली टोला के करीब 100 परिवार को पानी नहीं मिल रहा है। करीब डेढ़ माह से उक्त टोला में पेयजल संकट की समस्या है। मुख्य सड़क में लगे स्टैंड (पानी के पाइप) में पानी जरूर आता है, लेकिन मोहल्ले में पानी आता ही नहीं है। जिसको लेकर लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि बच्चे धूप में एक कोश दूर जाकर पानी लाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को लिखित रूप से आवेदन देकर जल संकट से निजात दिलाने की मांग की है।



**आवेदन देने के बाद भी समस्या बरकरारः** आवेदन पर नगर पंचायत के उपाध्यक्ष रेखा कुमारी, वार्ड परिषद सोनम कुमारी ने भी हस्ताक्षर किया है। बताया जा रहा है कि आवेदन को जिला अधिकारी और पीएचईडी के सहायक अभियंता को भी भेजा गया है। 10 दिन पहले मरम्मत होकर आई कुलकुलिया पंप हाउस का पंप खराब हो गया है। इसके चलते पंप हाउस से जलापूर्ति बंद हो गई है। जिसको लेकर समस्या और बढ़ने लगी है। आपको बता दें कि कहलगांव समेत जिले के कई इलाकों में पानी की जलापूर्ति नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबौर इलाके के मीराचक वार्ड-1 में भी पानी की परेशानी है। फिलहाल लिखित आवेदन देने के बाद भी किसी प्रकार की कोई एक्शन नहीं लिया गया है।

# ट्रैक्टर की बैटरी ब्लास्ट, खलासी की आंख में पड़ा तेजाब

चाणक्य भूमि

भागलपुर में मंगलवार को ट्रैक्टर की बैटरी ब्लास्ट हो गई। हादसे में खलासी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आंख समेत शरीर के कई हिस्सों में चोट भी लगी है। खलासी के आंख में बैटरी का तेजाब चल गया है। मजदूरों ने उसे उठाया और अस्पताल में भर्ती कराया। घटना मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र के मिर्जनहाट चौक के समीप की है। बताया जा रहा है कि एक बालू डिपो में ट्रैक्टर पर गिट्टी लोड किया जा रहा था। इसी दौरान ड्राइवर ने खलासी को ट्रैक्टर की बैटरी चेक करने के लिए भेजा। जैसे ही बैटरी का ढक्कन खोला बैटरी ब्लास्ट हो गई। ड्राइवर के माने तो आवाज इतनी तेज थी कि 500 मीटर तक धमाके की आवाज सुनाई दी।



**घायल खलासी का चल रहा इलाजः** घायल खलासी संतोष कुमार दास ने बताया कि ड्राइवर ने बैटरी को चेक करने के लिए भेजा था। जैसे ही बैटरी के ढक्कन को खोला ब्लास्ट हो गया। तेजाब आंख में पड़ गया। हालांकि घटना के बाद आने मजदूरों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन की। स्थानीय लोगों की माने तो डिपो में आए दिन दो दर्जन से अधिक ट्रैक्टर से गिट्टी और बालू की सप्लाई की जाती है। जिससे न सिर्फ ट्रैफिक की समस्या होती है बल्कि हादसे होने का भी डर बना रहता है।

### वाल्मीकिनगर में दो प्रत्याशियों से निर्वाची पदाधिकारी ने मांगा स्पष्टीकरण

चाणक्य भूमि

तय सीमा से प्रचार में ज्यादा राशि नगद खर्च करने में मामले में निर्वाची पदाधिकारी सह एडीएम राजीव कुमार सिंह ने स्पष्टीकरण तलब किया है। साथ ही दोनों को 48 घंटे के अंदर जवाब देने को कहा है।

नव कुमार सरनिया उर्फ हीरा भाई पर आरोप है। उन्होंने 10 हजार से ज्यादा राशि का भुगतान बगहा ऑटो सेंटर को किया है। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी दिनेश कुमार अग्रवाल पर 3 लाख नगद बैंक खाता में जमा करने का आरोप है। उन्होंने अपने बैंक खाते में तीन बार में तीन लाख रुपये जमा कराये है जबकि चुनाव आयोग का सख्त निर्देश है कि कोई भी प्रत्याशी 10 हजार से ज्यादा राशि का व्यय या डोनेशन करता है। उसे क्रास्ट अकाउंट पेयी चेक, ड्राफ्ट, आरटीजीएस और एनऊईएफटी द्वारा करना है।










# 15 लीटर अवैध देशी चुलाई शराब के साथ 2 गिरफ्तार, जेल

चाणक्यभूमि बगहा

मटियरिया थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव से 15 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ दो शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार किए गए शराब कारोबारीयो का पहचान (1) बलिराम महतो उम्र 42 वर्ष पिता स्वर्गीय रामधारी महतो साकिन बलुआ बढेया दूसरा अशोक उरांव उम्र 39 वर्ष पिता स्वर्गीय प्रहलाद उरांव सकिन सोनबरसा दोनों थाना मटियारिया के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष अंकित कुमार दास ने बताया है कि गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार की गई कार्रवाई में 15 लीटर देसी अवैध चूलाई शराब के साथ दोनों को सोनबरसा बाजार से गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार को दोनों शराब कारोबारी के विरुद्ध शराब कारोबार अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# नौतन पुलिस ने दो किलो गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

चाणक्य भूमि नौतन

गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की शाम बरियारपुर चेक पोस्ट से जांच के दौरान दो गांजे के साथ दो तस्कर को किलो गाँजा के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। नौतन थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि गाँजा तस्कर नेपाल से

लेकर यूपी जाने के फिराक में थे। पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गहन जांच के दौरान टेम्पू व दोनों गाँजा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया लिया। पकड़े गए तस्कर की पहचान तधनानंदपुर के नंदलाल प्रसाद और चालक लडडू कुमार के रूप मे हुई है।

# चोरी की दो बाइक के साथ दो चोर गिरफ्तार, एक फरार

चाणक्य भूमि

हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित मधुबन दरियापुर गांव से खड़गपुर पुलिस ने दो चोरी की बाइक के साथ दो चोर को गिरफ्तार किया, जबकि एक फरार हो गया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया थाना क्षेत्र के मधुबन दरियापुर में चोरी की बाइक का कारोबार किये जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर खड़गपुर पुलिस मौके पर पहुंची तो मुख्य सरगना अभिनंदन ठाकुर के पुत्र कोकिया ठाकुर फरार हो गया। लेकिन इसके साथ जो दो अन्य लोग सम्मिलित थे, जिसमें शुभित वर्मा के पुत्र शिवकुमार और कपिल देव के पुत्र सोनू कुमार उर्फ बहिरा दोनों को खड़गपुर पुलिस ने मधुबन दरियापुर से गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। उनके पास से चोरी के दो मोटरसाइकिल, जिसमें एक बिना नंबर प्लेट के एक अपाचे तथा दूसरा स्प्लेंडर बाइक को बरामद किया गया है। वहीं पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है तथा मुख्य सरगना कोकिया ठाकुर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714